C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

तृतीय चन्द्रघंटा

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:54 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:07 बजे

पिण्डजप्रवरारूढा
चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं
चन्द्रघण्टेति विश्रुता।।



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 99 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शनिवार, 5 अक्टूबर 2024

नवरात्रि के तीसरे दिन...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दबंगों ने वर्कशॉप मालिक को बेरहमी से पीटा, गंभीर

**रुद्रपुर।** दबंगों ने वर्कशॉप मालिक को बेरहमी से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया। वहीं दूसरी ओर मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक पहाड़गंज निवासी सोहेल पुत्र जान मोहम्मद ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि शुक्रवार की सुबह उसके भाई का एक युवक से विवाद हो गया था। आरोप है शाम को एक कार से 10-12 लड़के उतरे और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उसके गंभीर चोटें आई। आरोप है कि उक्त लोग हाथों में तमंचा, चाकू, छुरी लिए थे। हमलावरों पर भाई को कार में ज़बरदस्ती डालने की भी कोशिश की। बाद में वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। भाई को अस्पताल में भर्ती कराया।

### बिना पंजीकरण के दो अस्पतालों को किया सीज

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंहनगर के बाजपुर क्षेत्र स्वस्थ्य विभाग टीम ने छापामार अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान टीम ने बिना पंजीकरण के चल रहे दो अस्पताल सीज कर दिए हुए हैं। एक अस्पताल स्वामी ताले लगाकर गायब हो गया एक अस्पताल में डाक्टर नहीं मिला है। सीएमएस डॉ. पीडी गुप्ता और नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण ने टीम के साथ निजी अस्पतालों पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने बिना पंजीकरण के चल रहे दो अस्पतालों को सील कर दिया। कई संचालक अपने अस्पताल बंद कर खिसक गए। शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक राजस्व और चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम ने दोराहा स्थित अनमोल हॉस्पिटल और जीवन ज्योति हेल्थ केयर में छापा मारा। दोनों अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे थे। टीम ने दोनों अस्पतालों को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक अनमोल अस्पताल में डॉक्टर भी नहीं मिले। इसके बाद टीम शिवाय नर्सिंग होम पहुंची थी लेकिन अस्पताल बंद मिला।

# सैनिकों व पूर्व सैनिकों के मसले लटकाने पर मुख्य सचिव सख्त

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**



शिकायतों और मामलों का निपटारा समय पर न होने से मुख्य सचिव राधा रतूड़ी अधिकारियों पर नाराज हुईं। उन्होंने डीएम से लेकर शासन में तैनात अफसरों को तेजी दिखाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी राज्य के सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध ढंग से निपटारा न किए जाने से नाराज हैं। उन्होंने सख्त रुख दिखाते हुए जिलाधिकारी से लेकर विभागाध्यक्षों व शासन में तैनात अधिकारियों को लंबित मसलों को तेजी से निपटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 2022 समस्याओं के समाधान के लिए बनाई गई व्यवस्था के संबंध में जारी शासनादेश के अनुरूप कार्रवाई करने को कहा है। मुख्य सचिव को ये निर्देश इसलिए देने पड़े हैं क्योंकि अलग-अलग माध्यमों से उनके पास शिकायतें पहुंची हैं। इनके मुताबिक, सेवारत व सेवानिवृत्त सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। उनका समय पर निपटारा नहीं हो पा रहा है। जबकि समय-समय पर शासन ने शिकायतों के समयबद्ध निपटारा करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विभागों की इस हीलाहवाली पर नाराजगी जताते हुए सभी अधिकारियों से पूर्व जारी आदेश का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलों से लेकर शासन स्तर तक लंबित पड़ी शिकायतों का निपटारा कराने के लिए पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। सीएस ने पत्र में कहा, उत्तराखंड सैनिक बहुल राज्य है। राज्य के जांबाजों ने सेना में अधिकारी से लेकर निचले स्तर तक देश की सेवा में हमेशा विशेष योगदान व बलिदान दिया है। उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर न होने से वे अपनी संपत्ति और परिवार के सदस्यों की सुरक्षा के बारे में चिंतित रहते हैं, इसलिए समस्याओं के हल के लिए निजी रूप से ध्यान देना होगा। भूमि विवाद, भूमि मुआवजा, पुलिस सुरक्षा, बैंक से ऋण, बैंक में पेंशन, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान, बिजली, पानी की समस्या आदि के समाधान को डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय व शासन स्तर पर सचिव गृह की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय समिति है, जिसमें नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

### 9.4 करोड़ किसानों के बैंक खातों में आए 20000 करोड़

# कृषि-पशुपालन क्षेत्र को दी 23300 करोड़ की सौगात

**नई दिल्ली**
**एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने लगभग 9.4 करोड़ किसानों के खाते में 20,000 करोड़ रुपये की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त भी जारी की।

इससे पहले पीएम मोदी वाशिम पहुंचे। यहां उन्होंने जगदंबा माता मंदिर, पोहरादेवी में दर्शन पूजा-अर्चना की। उन्होंने संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधियों पर श्रद्धांजलि भी दी।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने बंजारा समुदाय की समृद्ध विरासत का जश्न मनाते हुए बंजारा विरासत संग्रहालय का उद्घाटन किया। फिर उन्होंने कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी लगभग 23,300 करोड़ रुपये की कई पहलों की शुरुआत की। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना को लाभार्थियों को सम्मानित किया। इसके तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये मिलते हैं।

इसके बाद पीएम मोदी शाम करीब चार बजे ठाणे में 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। वे मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के लाभार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। पीएम मोदी शाम करीब छह बजे बीकेसी मेट्रो स्टेशन से बीकेसी से आरे जेवीएलआर, मुंबई के बीच चलने वाली मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वह बीकेसी और सांताक्रूज स्टेशन के बीच मेट्रो में सवारी भी करेंगे।

पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री लगभग 9.4 करोड़ किसानों को लगभग 20,000 करोड़ रुपये की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इसके साथ ही सम्मान निधि के तहत किसानों को जारी कुल धनराशि लगभग 3.45 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी।

# चौखंबा पर्वत पर विदेशी पर्वतारोही की खोजबीन में सर्च ऑपरेशन शुरू

**गोपेश्वर/देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

तीन अक्टूबर शाम को चौखंबा पर चढ़ाई के दौरान विदेशी पर्वतारोही का सामान व अन्य उपकरण बैग सहित खाई में गिर गए। जिससे वे बर्फ से ढके चौखंबा पर्वत पर फंस गए।

ज्योतिर्मठ सेना के हेलीपैड से वायु सेना व एसडीआरएफ की संयुक्त टीम के द्वारा चौखंबा पर्वत पर विदेशी पर्वतारोही की खोजबीन में सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया है। पहले राउंड के सर्च अभियान करने के बाद अभी तक सफलता नहीं मिली है अब दूसरी बार के सर्च ऑपरेशन के लिए टीम रवाना हो गई है। उत्तराखंड के चमोली में चौखंबा-श्री ट्रैकिंग पर गई दो विदेशी महिला पर्यटक वहां फंस गई। शुक्रवार को वायु सेना के दो हेलीकॉप्टरों ने क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया, लेकिन उनकी लोकेशन नहीं मिल पाई। वन विभाग ने एसडीआरएफ से हेलीकॉप्टर भेजकर सर्च अभियान चलाने के लिए मदद मांगी है, जबकि जिला प्रशासन के अनुरोध पर एनडीआरएफ की टीम भी सर्च अभियान के लिए देहरादून से रवाना हो गई है। शनिवार को दोनों विदेशी पर्यटकों की ढूंढखोज की जाएगी। 6995 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चौखंबा पर्वत-श्री के आरोहण के लिए ब्रिटिश नागरिक फायजने मान्रेस (27) व यूएसए नागरिक मिचेल थेरेसा देवोरेक (23) इंडियन काउंट ट्रेनिंग एसोसिएशन से अनुमति लेकर चौखंबा ट्रैकिंग पर गए थे। उनके पास 11 सितंबर से 18 अक्टूबर तक की अनुमति है।

### चढ़ाई के दौरान खाई में गिरे

तीन अक्तूबर शाम को चौखंबा पर चढ़ाई के दौरान उनका सामान व अन्य उपकरण बैग सहित खाई में गिर गए। जिससे वे बर्फ से ढके चौखंबा पर्वत पर फंस गए। महिला पर्यटकों ने पेजर से अपनी एंबेसी से संपर्क किया। जिसके बाद चमोली जिला प्रशासन ने वायुसेना से सर्च अभियान चलाने का अनुरोध किया। शुक्रवार सुबह वायुसेना के दो चेतक हेलिकॉप्टरों ने सरसावा (सहारनपुर) एयरबेस से उड़ान भरी और बदरीनाथ से लगी चौखंबा-श्री चोटी पर सर्च अभियान चलाया। काफी खोजबीन के बाद भी लापता पर्यटकों का पता नहीं चल पाया है।

# आस्था: रामलीला में सीता का अभिनय निभा रही समुदाय विशेष की बेटी

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**



सरोवर नगरी आपसी भाईचारा और मानवता की एक मिसाल है वैसे तो देश के कुछ शीर्ष नेताओं द्वारा अपनी दुकान चलाने के लिए देश को जातिवाद में धकेल रहे हैं लेकिन मानवता के आगे वो नाकाम हो रहे हैं।

बता दें सरवर नगरी में हर धर्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं इसी का प्रतीक है इन दोनों रामलीला चल रही है और उसमें तल्लीताल रामलीला में नगरी निवासी समुदाय विशेष की बेटी रामलीला में सीता का अभिनय निभा रही है जो मानवता का सन्देश दे हुए सीता का किरदार निभा रही है जो बहुत ही गर्व की बात हैद्य रामलीला में तल्लीताल हरीनगर निवासी रिदा खान के पिता स्वर्गीय श्री असलम खान एवं मां आशिया खान की पुत्री है वर्तमान में सीता का किरदार निभा रही है। बता दें रिदा पिछले कई सालों से सबरी का किरदार बखूबी निभाती आ रही है । और इस वर्ष सीता का पाठ खेल रही हैं द्य वर्तमान में वह बसंत वैली पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 की छात्रा है । और रिदा द्वारा संगीत के क्षेत्र में भी एक नई पहचान बनाई गई है रिदा एक सितार वादक भी है।

# बरातियों को लेकर लौट रही जीप खाई में गिरी, तीन की मौत, 10 गंभीर

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**





मैक्स बसड़ा गांव से बरातियों को लेकर गुनियाल गांव लौट रही थी। इस दौरान मैक्स अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी।

उत्तराखंड के कोटद्वार में शुक्रवार शाम को दर्दनाक हादसा हो गया। लैंसडौन तहसील क्षेत्र में बरातियों से भरी जीप 200 फुट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन में चालक समेत कुल 15 लोग सवार थे। राजस्व उपनिरीक्षक रंजन बिष्ट और रजिस्ट्रार कानूनगो जयकृष्ण भट्ट ने बताया कि गुनियाल गांव निवासी रोहित गुसाईं की शुक्रवार को शादी थी। बसड़ा गांव से शाम को दुल्हन की विदाई हुई। इसी दौरान बरातियों से भरी मैक्स जीप सिसल्डी-सिलवाड़ मोटर मार्ग पर नौगांव के पास खाई में जा गिरी। सूचना पर लैंसडौन की एसडीएम शालिनी मौर्य, पुलिस व एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घायलों को निकालने में स्थानीय छात्रों ने भी सहयोग किया। हादसे में तीन बरातियों मुकेश सिंह (35) निवासी गुनियाल, दुल्हे की मौसेरी बहन नूतन (35), धीरज सिंह (65) निवासी गुनियाल की मौत हो गई। जबकि 10 लोग घायल हैं। उन्हें उपचार के लिए बेस अस्पताल कोटद्वार में भर्ती कराया गया है। वाहन में सवार दोनों बच्चे सुरक्षित हैं। लैंसडौन विधायक दिलीप रावत अस्पताल पहुंच समुचित उपचार के निर्देश दिए।

घायलों ने बताया कि वाहन चालक शार्टकट रास्ते से गांव लौट रहा था कच्ची सड़क के कारण हादसा हो गया। चर्चा यह भी थी कि चालक ने हादसे से पहले किसी दूसरे व्यक्ति को वाहन चलाने के लिए दे दिया था।

हादसे की खबर लगते ही बसड़ा और गुनियाल गांव में मातम पसर गया। बसड़ा से हंसी खुशी विदा हुई बरात दूल्हे और दुल्हन को लेकर वापस गुनियाल गांव पहुंच गई, लेकिन दूल्हे की मौसेरी बहन नूतन की हादसे में मौत की खबर से गांव में मातम पसर गया। दूल्हा तो दहाड़ मारकर बिलखने लगा। सब कोई क्षेत्र की बदहाल सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं को कोस रहे हैं।

# डीएम के निर्देशों पर बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल में भाजपा नगर मंडल की ओर से दिए गए ज्ञापन को बेहद गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी वंदना सिंह के दिशा निर्देशों के बाद शुक्रवार को नगर के ब्रेसाईड प्राइमरी पाठशाला 7 नंबर में एक बहुउद्देशीय शिविर का विशेष आयोजन किया गया।

बता दें कि शिविर में समाज कल्याण कार्यालय, खाद्य रसद विभाग,राशन कार्ड, जल निगम, जल संस्थान, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों ने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना।

सबसे अधिक145 लोगों ने स्वास्थ्य विभाग में अपने स्वास्थ्य की जांच कराई जिसमे से बीपी, शुगर की पहली बार 55 लोगों ने जांच कराकर अपने लिए दवाइयां ली वहीं दूसरी ओर जिला पूर्ति अधिकारी से संबंधित राशन कार्ड का सत्यापन किया जिसमें 56 लोगों ने संबंधित विभाग को अपने आवेदन दिए जबकि समाज कल्याण विभाग से संबंधित 24 लोगो ने वृद्धावस्थाए विकलांग आदि से संबंधित आवेदन दिए।

आधार से संबंधित 31 लोगो ने अपने आधार को अपडेट कराया वहीं जल संसाधन से संबंधित शिवर से संबंधित 9 लोगो एवं जल से संबंधित 16 लोगो ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिविर की मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या रही। शिविर को कामयाब बनाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट समेत पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शान्ति मेहरा,युवा भाजपा नेता अरविंद सिंह पडियार, भूपेंद्र सिंह बिष्ट,तारा राणा, प्रकाश कुमार,संतोष कुमार,चंपा रिखाड़ी, हंसा रावत, टी सी भट्ट,मनोज जोशी, नवीन जोशी,कमल कुमार, राकेश तथा रोहित कुमार आदि कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय की जनता उपस्थित रही।

## जन सुविधा कल्याण शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को जिले के विकास खंड रामगढ़ के परिसर में ब्लॉक प्रमुख पुष्पा नेगी की अध्यक्षता में जन सुविधा कल्याण शिविर का आयोजन किया गया।

बता दें कि शिविर हेतु हर्ष बहादुर चन्द्र जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) को नोडल अधिकारी नामित किया गया था । न्याय पंचायत रामगढ़ के लाभार्थियों द्वारा शिविर में पहुँचकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ शिविर का लाभ उठाया। शिविर में चिकित्सा विभाग,समाज कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, विकास खंड, आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास विभाग, कृषि विभाग एवम उद्यान विभाग तथा जिला परियोजना प्रबंधक एवम पंचायती राज विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभागों से संबंधित जानकारी शिविर में उपस्थित जनता को दी गई। इस दौरान खाद्य व नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त ता मामले विभाग की ओर से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा 26 राशन कार्ड में संशोधन संबंधी कार्य तथा केवाईसी संबंधी कार्य करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई । उन्होंने कहा कि नए राशन कार्ड विभाग में वर्तमान में राज्य खाद्य योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे हैं । जिससे आज की तारीख में नैनीताल तहसील में 12 कार्ड अंत्योदय और 974 राशन कार्ड पी एच एच के वेटिंग में चल रहे हैं । खाद्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत प्राथमिक परिवार और अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को वर्तमान में निशुल्क राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है । शिविर में विभिन्न विभागों को कुल 104 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण/ समाधान किया गया ।

## सचिव राधा रतूड़ी तीन दिवसीय कुमाऊं मंडल प्रवास पर



**नैनीताल ।** उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूडी अपने तीन दिवसीय कुमाऊं मंडल के प्रवास पर शुक्रवार की शाम को नैनीताल पहुंची। वह नैनीताल स्थित एटीआई में रुकी हुई हैं। दूसरी ओर वह अब शनिवार (आज) को नैनीताल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही विकास कार्यो का स्थालीय निरीक्षण भी करेंगी। नैनीताल पहुंचने पर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत समेत अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर जिलाधिकारी वंदना सिंह समेत एडीएम शिव चरण दिवेदी व पिंचा राम चौहान, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरु णा अग्रवाल समेत एसडीएम प्रमोद कुमार के अलावा एटीआई के अधिकारी क्रमशः नासिर अहमद, डा.ओमम प्रकाश समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




## नैनीताल में प्रज्ञ पुस्तक पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी अनिल कुमार रतुड़ी द्वारा लिखित पुस्तक भवर और खाकी में स्थित प्रज्ञ पुस्तक पर नैनीताल के प्रशासनिक अकादमी सभागार में पुस्तक पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी भी मौजूद रही। इस दौरान उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी में मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते हुए पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी ने अपनी पुस्तक पर लिखा विचार प्रस्तुत किया। उत्तराखंड प्रशासन अकादमी के उप सचिव प्रकाश चंद नाम जोड देना। कार्यक्रम में मंडल आयुक्त दीपक रावत ने भी कार्यक्रम के अंत में वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर सचिव अधीनस्थ सेवा चयन आयोग हिमांशु कफ़लटिया द्वारा मुख्य मंच पर पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी द्वारा लिखी गई पुस्तक के बारे में परिचर्चा की। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुण अग्रवाल ने किया। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, डीआईजी योगेन्द्र रावत,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा, एसपी क्राइम हरबंस सिंह, जगदीश चंद्रा, प्रशासन अकादमी के महानिदेशक बीपी पाण्डे, संयुक्त निदेशक मो नासिर, संयुक्त निदेशक महेश कुमार,डॉ ओम प्रकाश, कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो, डीएस रावत, परीक्षा नियंत्रण डॉ महेंद्र राणा,साहित्यिकार प्रो अजय रावत, डॉ. गिरीश रंजन तिवारी,सुषमा रावत, पद्मश्री अनूप साह, एडीएम शिव चरण त्रिवेदी, फिंचाराम, कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ल, डीएफओ भूमि संरक्षण हेम गहतोड़ी, पूरन पाठक, वीके सिंह,डॉ मंजू पाण्डे, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्रा, आदि मौजूद रहे।

## कुमाऊं विवि में चार यूनिटों के लिए कार्यक्रम अधिकारियों की नियुक्ति

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चार यूनिटों के लिए चार कार्यक्रम अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गयी है।

इसी सिलसिले में परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यकारी डीएसडब्ल्यू प्रो. ललित तिवारी समेत पूर्व कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल और कार्यक्रम समन्वयक कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल डॉ. शिवांगी चन्याल ने नए नियुक्त कार्यक्रम अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी,नए नियुक्त कार्यक्रम अधिकारी के रुप में डॉ. शशि पांडे, डॉ. जितेंद्र लोहनी, डॉ. दीपिका पंत तथा डा.मनोज बाफिला को नियुक्त किया गया। बैठक में चालू सत्र में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर गहन मंथन किया गया। इस दौरान एनएसएस के विद्यार्थियों के हित में एक दिवसीय शिविर और विशेष शिविर आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। इस अहम बैठक में प्रो. ललित तिवारी और डॉ. विजय कुमार (दोनों पूर्व समन्वयक) ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए नए एनएसएस अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।



## NEWS / फटाफट

### पर्यटकों को गलत दिशा में कार भगाना पड़ा महंगा

**नैनीताल।** नगर की लोअर मॉल रोड में मेरठ के पर्यटकों को गलत दिशा में कार भगाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने चालानी कार्रवाई कर पर्यटकों को छोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की शाम को करीब 4 बजे तल्लीताल पुलिस का वाहन मल्लीताल से तल्लीताल को आ रहा था। इस दौरान लेक ब्रिज चुंगी के समीप लोअर मॉलरोड में यूपी संख्या का एक वाहन विपरीत दिशा से तल्लीताल की ओर जा रहा था। पुलिस ने तुरंत वाहन को रोको तो पर्यटक खुद के भतीजे को भी पुलिस में बताने लगा। पुलिस पर्यटकों के वाहन को तल्लीताल चौकी ले आई। जहाँ पर्यटक कई जगह कॉल करते नजर आए। एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि मेरठ निवासी शिवांक भारद्वाज के खिलाफ गलत दिशा में वाहन चलाने पर एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

### नवरंग-2024 कार्यक्रम का शुभारंभ



**भीमताल/नैनीताल।** भीमताल रामलीला मैदान में युवा शक्ति भवाली,भीमताल द्वारा आयोजित नवरंग-2024 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राम सिंह केड़ा व विशिष्ट अतिथि अखिलेश सेमवाल द्वारा संयुक्त के रूप मे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बड़े भाई दिनेश सांगुड़ी जी का सानिध्य प्राप्त हुआइस इस मौके पर सफल कार्यक्रम के लिए मैं विशिष्ट अतिथि अखिलेश सेमवाल द्वारा सभी भीमताल,भवाली युवा शक्ति के भाइयों, बहनों और जिन जिन का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग रहा है उन सभी का मैं दिल से आभार, धन्यवाद व्यक्त किया गया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## क्लेय मॉडलिंग व वाद्य यंत्र प्रतियोगिताएं आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





प्राणी उद्यान में वन्य प्राणी सप्ताह के तहत शुक्रवार को स्कूली बच्चों के मध्य क्लेय मॉडलिंग तथा वाद्य यंत्र प्रतियोगिताओं का विशेष आयोजन किया गया। प्राणी उद्यान के निदेशक चंद्र शेखर जोशी के दिशा-निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिताओं में बतौर मुख्य अतिथि वन विभाग के दक्षिणी कुमाऊं वृत्त के वन संरक्षक टी.आर. बीजूलाल मौजूद रहे। उन्होंने स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें कई जरुरी टिप्स भी दिए।

इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रथम सत्र में क्लेय मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 50 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, सभी विद्यार्थियों को वन्य प्राणी सप्ताह की थीम वन्यजीव संरक्षण सह-अस्तित्व के माध्यम से सम्बन्धित विषय दिया गया जबकि कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में वाद्य यंत्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 12 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर जबकि द्वितीय स्थान विशप शॉ इण्टर कॉलेज का रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रभाकर जोशी (गायक एवं संगीतकार) रहे।

इस अवसर पर साक्षी रावत (उप निदेशक),प्रमोद चन्द्र तिवारी (वन क्षेत्राधिकारी),पुष्कर सिंह महरा व महेश सिंह बोरा (वन दरोगा), नितिन व मुकेश (वन आरक्षी), कु0 निधि, कु0 प्रियंका, विक्रम सिंह मेहरा (फ र्मासिस्ट) आनन्द सिंह (सिस्टम एनालिस्ट) समेत दिनेश कुमार समेत प्राणी उद्यान के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन अनुज काण्डपाल (बायोलॉजिस्ट) ने किया जबकि कार्यक्रम में ग्रीन जू एम्बैसडरों ने भी हर संभव सहयोग प्रदान किया गया। प्राणी उद्यान के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी ने सभी का आभार जताया।

## राजभाषा या राष्ट्रभाषा वाली बहस अब गैरजरूरी हुईः प्रो. निर्मला ढैला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर की हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. निर्मला ढैला ने कहा कि हिंदी को लेकर राजभाषा या राष्ट्रभाषा वाली बहस अब गैरजरूरी हो चुकी है, अब हिंदी को लेकर विवाद की आवश्यकता ही नहीं है, हम सबका कर्तव्य है कि हम अपने स्तर पर हर वह कोशिश करें जिससे हिंदी संवाद का माध्यम बने। प्रो.ढैला ने यह बात केंद्रीय संचार ब्यूरो नैनीताल की तरफ से राजभाषा हीरक जयंती पर आयोजित कार्यशाला में कही। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उन्होंने केंद्रीय संचार ब्यूरो के सभी कर्मचारियों को राजभाषा के इतिहास और इससे जुडे नियमों और प्रावधानों के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यशाला की संयोजक डॉ. दीपा जोशी ने बताया कि सरकारी कामकाज में हिंदी का शत-प्रतिशत इस्तेमाल हो और सभी सरकारी कर्मचारी हिंदी के महत्व को समझ सकें इसीलिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज कुमार भट्ट ने बताया कि इस दौरान आयोजित हिंदी प्रतियोगिता के लिए डॉ. दीपा जोशी को प्रथम, शोभा चारक को द्वितीय तथा आनंद बिष्ट और श्रद्धा गुरुरानी तिवारी को संयुक्त तौर पर तृतीय पुरस्कार मिला जबकि पुष्पा देवी और दीवान सिंह को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का समापन विभाग के अपने हिंदी गीत जिसने जन जन के जीवन का रूप तराशा है मेरी भाषा हिंदी भाषा सबकी भाषा है के साथ किया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने और कार्यक्रम को सफ ल बनाने में सहयोग के लिये सीबीसी के राजेश नारायण सोनकर ने सभी को धन्यवाद दिया। बता दें कि हिंदी को राजभाषा बनाने के संविधान सभा के फैसले के 75 साल पूरे होने पर देश भर में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# अभिमत

## संशय की गुंजाइश

*जंगल में मानवीय हस्तक्षेप कोई रिसर्च का विषय नहीं है। सीसीएफ (अनुसंधान) संजीव चतुर्वेदी के निर्देशन में 42 ईको लैब के माध्यम से जंगलों की निगरानी की जायेगी। अनुसंधानकर्ताओं की योग्यता एवं क्षमता पर संदेह करना अनुचित होगा। वैज्ञानिक लैब और फील्ड में पूरी लगन के साथ कार्य करेंगे। शोध के बाद निकला निष्कर्ष भी महत्वपूर्ण होगा। वैज्ञानिकों के सुझाव पर अमल शासन का विषय है। सवाल यह उठता है कि वन क्षेत्र में अतिक्रमण करके आवासीय कालोनी, होटल और रिसार्ट्स का निर्माण करने वालों को रोकने का काम किसका है? जंगल में मानवीय हस्तक्षेप से कौन अनभिज्ञ है?*

उत्तराखंड के जंगलों में लगातार बढ़ रहे मानवीय हस्तक्षेप और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का अध्ययन किया जायेगा, इसके लिए ईको लैब स्थापित की जायेंगी। हिमालयी राज्यों के अधिकांश क्षेत्र में जंगल है। वन में विभिन्न प्रजातियों की वनस्पति है। विशाल वृक्षों से लेकर जड़ी-बूटी के पौधे हैं। औषधि के गुण वाले पौधों का मूल्य आंकना भी कठिन है। सबसे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि विभिन्न कारकों के चलते होने वाले परिवर्तनों का वन विभाग के पास कोई डाटा नहीं है, जबकि वन विभाग में हजारों अधिकारी व कर्मचारी तैनात हैं। देहरादून में फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट है। जंगल में मानवीय हस्तक्षेप कोई रिसर्च का विषय नहीं है। वन माफिया को सियासत से जुड़े लोगों और वन विभाग का संरक्षण प्राप्त है। सीसीएफ (अनुसंधान) संजीव चतुर्वेदी के निर्देशन में 42 ईको लैब के माध्यम से जंगलों की निगरानी की जायेगी। अनुसंधानकर्ताओं की योग्यता एवं क्षमता पर संदेह करना अनुचित होगा। वैज्ञानिक लैब और फील्ड में पूरी लगन के साथ कार्य करेंगे। शोध के बाद निकला निष्कर्ष भी महत्वपूर्ण होगा। वैज्ञानिकों के सुझाव पर अमल शासन का विषय है। सवाल यह उठता है कि वन क्षेत्र में अतिक्रमण करके आवासीय कालोनी, होटल और रिसार्ट्स का निर्माण करने वालों को रोकने का काम किसका है? पृथक उत्तराखंड प्रदेश का गठन होने पर विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठी थी, इसके लिए तर्क दिया गया था कि राज्य का 65 प्रतिशत भूभाग वन है। राजस्व के संसाधन कम हैं। यह तर्क पूरी तरह सही नहीं है। हिमालयी राज्य को वन उपज का उचित तरीके से दोहन करके राजस्व की प्राप्ति हो सकती है। नदियों से रेता-बजरी का खनन करने से राजस्व मिलता है। यह दोनों काम वन विभाग के तहत होते हैं। उत्तराखंड राज्य बनने से पहले भी वन सम्पदा का दोहन तथा खनन का कार्य उचित तरीके से नहीं किया जाता था। उत्तर प्रदेश का पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा होने के कारण अलग राज्य का गठन किया गया। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद माफिया और अधिक सक्रिय हो गये। लकड़ी माफिया जंगल से पेड़ काटकर जंगल खत्म कर रहे हैं। पेड़ के ठूंठ नष्ट करने के लिए ग्रीष्मकाल शुरू होते ही जंगल में आग लगा देते हैं। वन्यजीवों का शिकार करके उनके अंगों की तस्करी करते हैं। पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन को रोकने में जंगलों का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्य सरकार केन्द्र से ग्रीन बोनस की मांग कर रही है। इसका दूसरा पहलू यह है कि जंगल की सुरक्षा नहीं की जा रही है। उत्तराखंड का बच्चा-बच्चा जानता है कि जंगल नष्ट होने के लिए कौन जिम्मेदार है। जंगल की निगरानी लैब नहीं, वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को करनी चाहिए और माफिया का खात्मा करना होगा।

# कप्तान मीणा ने ली मासिक अपराध गोष्ठी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा शुक्रवार को नैनीताल के पुलिस लाइन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों/ थाना व शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की।

गोष्ठी में पुलिस कप्तान मीणा ने बेहतर यातायात व्यवस्था और नियमों का पालन कराए जाने के लिए सीपीयू सक्रिय होकर कार्य कराने के निर्देश देने के साथ ही प्रभारी सीपीयू प्रभावी कार्ययोजना बनाकर ड्यूटी का डिप्लीयोमेंट करने के निर्देश दिए। कहा कि थानों के गश्त बढ़ाई' जाए साथ ही थानों में ड्यूटीयों का प्रभावी मैनेजमेंट किया जाए। कहा कि रात में महिला सुरक्षा के लिए थानों में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों को भी रोटेशन वार गश्त/पेट्रोलिंग में शामिल किया जाय। कहा कि वर्तमान में पुलिस मुख्यालय द्वारा इनामी अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करें। इन अपराधियों की सुरागरसी पतारसी की जायए टीमें बनाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि थानों में पंजीकृत मामलों में गिरफ्तार अभियुक्तों के अपराधिक इतिहास अनिवार्यतः ज्ञात करें जिसका विस्तृत विवरण न्यायालयों में नियमानुसार प्रेषित किया जाय। कहा कि सत्यापन अभियान लगातार चलाया जाए तथा संदिग्धता के मामले में यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाए। कहा कि सभी थाने, मिसिंग पर्सन सैल (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सैल) आपसी समन्वय स्थापित कर जिले में गुमशुदाओं की बरामदगी सुनिश्चित करें। कहा कि विवेचनाओं का निर्धारित समय में निस्तारण करें अन्यथा कठोर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पुलिस कप्तान ने कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाएं था इन गतिविधियों में पुलिस की संलिप्तता न रहे। पुलिस टीम सार्थक प्रयास करें जिससे समाज में अच्छा संदेश जाय। कहा कि महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जागरूकता अभियान चलाएं साथ ही स्कूलों/शिक्षण संस्थानों के आसपास प्रभावी चेकिंग की जाय। कहा कि निरोधात्मक कार्यवाहियों में तेजी लाएं तथा बॉर्डरों तथा सभी संभावित स्थलों पर एएनटीएफ तथा एसओजी को सम्मिलित कर प्रभावी चेकिंग करें। जुआ, एनडीपीएस एक्ट तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्यवाही करें। मासिक अपराध गोष्ठी में प्रकाश चंद्र एसपी सिटी हल्द्वानी तथा हरबन्स सिंह एसपी क्राइम/यातायात नैनीताल समेत सभी क्षेत्राधिकारी समेत सभी थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

**रुद्रपुर।** थाना नानकमत्ता क्षेत्र में युवक पर शादी का झांसा देकर नाबालिग का डेढ़ साल तक शारीरिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया। आरोपी ने परिवार या किसी को बताने पर नाबालिग को जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया।

थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपी । तहरीर में बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को एक युवक ने प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोपी शादी का झांसा देकर डेढ़ वर्ष से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था।आरोपी ने उनकी पुत्री को परिवार या किसी और को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इससे भयभीत होकर बेटी गुमसुम रहने लगी। पूछने पर उसने पूरी घटना बताई । महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी करन सिंह के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

# इंटरस्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिला क्रीड़ा संघ के सहयोग से आयोजित हुए शुक्रवार को पहले इंटरस्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि निवर्तमान पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी द्वारा किया गया।

बता दें कि टूर्नामेंट के पहले दिन बालिका वर्ग की सब-जूनियर वर्ग/जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग की सभी प्रतियोगिताएं खेली गई वहीं बालक वर्ग की सब जूनियर व जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं खेली गई। डीएसए के इंडोर गेम सचिव वीरेंद्र शाह के मुताबिक सबजूनियर वर्ग में हरमन माइनर स्कूल की छात्रा सौम्या जोशी ने जोरदार फ इनल मुकाबले में पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार की छात्रा सानवी शर्मा को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया,वही रामा मांटेसरी की छात्रा दिया रावत व ऑल सेंट कॉलेज की छात्रा शरण्या कोठारी को थर्ड पोजीशन से सन्तोष करना पड़ा। बालिका जूनियर वर्ग मोहन लाल शाह बालिका की छात्रा लावण्या रावत ने ऑल सेंट की छात्रा जयती बिष्ट को स्ट्रेट सेट में हराकर फ इनल मुकाबला अपने नाम किया वहीए ऑल सेंट की लावण्या राठौड़ और सेंट जॉन्स की अम्मा बख्श को थर्ड पोजीशन से सन्तोष करना पड़ा।

बालिका जूनियर वर्ग डबल्स में ऑल सेंट की जयती बिष्ट और विभु शाह की जोड़ी ने जीजीआईसी की अंजली और वैष्णवी की जोड़ी को हराकर डबल्स का मुकाबला अपने नाम किया। बालिका सीनियर वर्ग में मोहन लाल सह बालिका स्कूल की छात्रा श्रद्धी बिष्ट ने ऑल सेंट की जीजीविशा को हराकर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। वही भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की छात्रा दिशा कत्यूरा और शगुन बोरा को थर्ड पोजीशन से सन्तोष करना पड़ा। बालिका डबल्स में लावण्या और श्रीद्धि की जोड़ी ने भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की छात्रा दिशा और हिमानी की जोड़ी को हराकर फाइनल अपने नाम किया। ऑल सेंट की जिजीविषा और आर्या की जोड़ी व मोहन लाल सह बालिका विद्यालय की छात्रा दिया और अजान को थर्ड पोजीशन से सन्तोष करना पड़ा। प्रतियोगिता को सफ ल बनाने में आयोजक सचिव वीरेंद्र शाह समेत चीफ रेफ री गौरव नयाल, अंपायर प्रदीप, उत्कर्ष, सुपर्णा, आस्था, अंकुश तथा अभिषेक के साथ ही इंतिखाब, अजय, पंकज, डॉ मनोज सिंह बिष्ट, अश्विनी, भानु तथा आलोक साह ने सहयोग दिया।

## शारदीय नवरात्रि

# नवरात्रि के तीसरे दिन की जाती है मां चंद्रघंटा की पूजा



*नवरात्र का त्योहार भक्तों के लिए बेहद खास होता है। इस पर्व को 9 दिनों तक मनाया जाता है, जो मां दुर्गा और नौ रूपों को समर्पित है। उनमें पहला शैलपुत्री, दूसरा ब्रह्मचारिणी, तीसरा चंद्रघंटा, चौथा कूष्मांडा, पांचवां स्कंदमाता, छठा कात्यायनी, सातवां कालरात्रि, आठवां महागौरी और नौवां सिद्धिदात्री की पूजन की जाती है। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की जाती है। माता को नकारात्मक ऊर्जा और बुरी नजर से बचाने वाली देवी माना जाता है। मां चंद्रघंटा की आराधना करने से वीरता, निर्भयता के साथ सौम्यता का प्रसार होता है।मां दुर्गा का तीसरा रूप चंद्रघंटा का है। चंद्रघंटा अर्थात् जिनके मस्तक पर चंद्र के आकार का तिलक है। दस हाथों के साथ मां अलग-अलग अस्त्र-शस्त्र से सुशोभित हैं। इनका वाहन शेर है। राक्षस महिषासुर का वध देवी चंद्रघंटा ने किया था। मां चंद्रघंटा की पूजा के लिए सामग्री में गंगाजल, अक्षत, सिंदूर, कमल का फूल, फूलों की माला, इत्र, घी, मिट्टी का दीया, आरती के लिए थाली और मिठाई। मां चंद्रघंटा का पसंदीदा रंग भूरा है, तो इस रंग के कपड़े पहनना शुभ होता है। केसर की बनी खीर मां चंद्रघंटा की प्रिय मानी गई है। ऐसे में देवी को खीर का भोग लगाएं। इसके अलावा शहद का भोग लगा सकते हैं। मान्यता है कि मां चंद्रघंटा को शहद का भोग लगाने से घर में सुख-शांति की स्थापना होती है।*

## मां चंद्रघंटा की पूजा विधि

*नवरात्र के तीसरे दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। मां चंद्रघंटा का ध्यान करें। पूजा स्थल को स्वच्छ करें। फिर मां को अक्षत और सिंदूर चढ़ाएं। इसके बाद भूरे रंग के वस्त्र और कमल का फूल अर्पित करें। फिर देवी के समक्ष शुद्ध घी का दीपक जलाएं और प्रार्थना मंत्र पिंडजप्रवरारूढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते मह्मं, चंद्रघंटेति विश्रुता।। का जाप करें। फिर भोग लगाएं और आरती करें।*

## पांच दिवसीय दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से 8 अक्टूबर (मंगलवार) से शुरु होने जा रहे पांच दिवसीय 68वें दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां अब इन दिनों प्राथमिकता से शुरु हो गयी हैं। मां नयना देवी मंदिर परिसर में मां दुर्गा समेत अन्य मूर्तियों की निर्माण प्रक्रिया भी अंतिम चरण में चल रही है, वही महिलाओं द्वारा कलश यात्रा को लेकर कलशों में रंग रोगन का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

बता दें हर वर्ष सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से नवरात्रि में दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 68वां महोत्सव आयोजित किया जा रहा है जिसको लेकर बीते एक माह से कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं। बाहरी शहरों से पहुंचे मूर्तिकारों द्वारा मां नयना देवी मंदिर में मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। शुक्रवार को महिलाओं की ओर से नयना देवी मंदिर परिसर में शकुनाखर गाकर कलशों में रंग रोगन का कार्य शुरू किया। इस दौरान मंजू रौतेला,सुमन साह,अमिता साह,रमा बिष्ट ,रजनी चौधरी,लक्ष्मी अधिकारी,कुसमलता सनवाल,भगवती शर्मा मुन्नी भट्ट तथा रचना साह मौजूद रही। इस बीच कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट व महासचिव उमेश मिश्रा ने सभी भक्तजनों से महोत्सव को सफल बनाने की गुजारिश की है।



## News कॉर्नर

### हरीश वर्मा का आईपीएस कैडर में प्रमोशन

रुद्रपुर। अभिसूचना (क्षेत्रीय) अभिसूचना विभाग हल्द्वानी में तैनात एसपी आर हरीश वर्मा का आईपीएस कैडर में प्रमोशन हो गया है। वर्मा मूलरूप से रानीबाग हल्द्वानी के रहने वाले हैं और 2005 में पीपीएस अधिकारी बने हैं। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी के रूप में देहरादून के विकासनगर, काशीपुर,किच्छा और हरिद्वार में लक्सर में सेवाएं दीं। इसके साथ ही साथ ही नैनीताल,ऊधम सिंह नगर और 46 पीएसी में सेवाएं दी। वर्तमान में हरीश वर्मा की अभिसूचना विभाग हल्द्वानी में एसपी आर पद पर तैनात हैं।

# अग्रसेन जयंती पर निकली शोभायात्रा, प्रसाद वितरण किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता





श्री अग्रवाल सभा, (रजि) हल्द्वानी द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में प्रातः महाराजा अग्रसेन प्याऊ व महाराजा अग्रसेन चौक पर महाराज अग्रसेन जी की मूर्ति का माल्यार्पण कर जयंती कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया । साथ ही अग्रसेन चौक पर प्रसाद वितरण किया गया । दिन में महाराजा अग्रसेन जयंती शोभायात्रा नगर में निकाली गई । जिसमें मुख्य आकर्षण 18 बुलेट में सवार बॉडीगार्ड,50 से अधिक महिलाओं द्वारा स्कूटी में पगड़ी पहन कर शोभायात्रा में भागीदारी की गई। 18 गोत्रों के स्वरूप 18 घोड़े पर विराजमान रहे । महाराजा अग्रसेन जी के प्रतीक स्वरूप एक रुपए संग ईंट की झांकी ,इसके अलावा भगवान महाकाल, श्री राम मंदिर, केदारनाथ मंदिर, खाटू श्याम जी, बांके बिहारी आदि भगवानों व विभूतियों की झांकियां भी शोभायात्रा में सम्मिलित रही। इसके अलावा डिफेंस एकेडमी, पार्वती प्रेमा जगती स्कूल, हरगोविंद सुयाल स्कूल, बीएलएम एकैडमी, डीपीएस आदि स्कूलों के बच्चों द्वारा भी झांकियां व बैण्ड प्रस्तुत किए गए। सबसे अंत में महाराजा अग्रसेन जी का डोला निकल गया । नगर के सभी अग्रवाल परिवारों ने शोभायात्रा में भागीदारी करी। जगह-जगह कई सामाजिक संगठनों व समाजसेवियों द्वारा शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत अभिनंदन किया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, महामंत्री मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सांसद अजय भट्ट ,विधायक बंशीधर भगत, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट , निवर्तमान मेयर डॉ0 जोगेंद्र पाल रौतेला ,भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल पप्पी, कैलाश चंद्र अग्रवाल ,राजेश गर्ग,अरुण अग्रवाल पिंटू, असीम सिंघल, युवा समिति अध्यक्ष विपुल अग्रवाल महामंत्री, कनव अग्रवाल, महिला अध्यक्ष पायल अग्रवाल, महामंत्री राधिका अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, सरिल गोयल, अभिषेक अग्रवाल, तपन मित्तल ,राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, तरुण बंसल, आलोक शारदा, अतुल जायसवाल ,कपिल अग्रहरि आदि उपस्थित रहे। अग्रवाल सभा अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग ने शोभायात्रा में भागीदारी करने वाले सभी अग्र बन्धुओं का आभार व्यक्त किया।

# असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय पर कार्यशाला

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



शहर में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार लगातार चल रही संवेदीकरण कार्यशाला को निदेशालय आई टी आई, में महिला एवम बाल विकास विभाग नैनीताल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण विषय में कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विभाग जैसे पुलिस, शिक्षा एवम परिवीक्षा विभाग से आए हुए अधिकारियों द्वारा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। अपर निदेशक, प्रशिक्षण ऋचा सिंह ने बालिकाओं से वार्ता करते हुए ऐसे स्थानों के बारे में पूछा जहां पर वह असुरक्षित महसूस करती हैं, साथ ही बताया कि पिछली कार्यशालाओं में चिन्हित स्थानों पर समस्त संबंधित विभागों द्वारा लगातार कार्यवाही भी की जा रही है । बालिकाओं द्वारा विभिन्न स्थानों को चिन्हित किया गया जैसे राजपुरा में धोबी घाट, लालकुआं में 2 किलो मीटर वाला फाटक, मंगल पड़ाव ऑटो स्टैंड, खड़कपुर, बेरिपडाव, दमुआधुंगा में पंचक्की के पास, तीन पानी में सीआईडी ऑफिस के पास, गौलापार स्टेडियम के सामने वाली रोड, आम्रपाली इंस्टीट्यूट के आस पास, बिरला स्कूल के आस पास, इको टाऊन डहरिया, हल्दुचौड़ में सिंगल फार्म और खुरपिया फार्म, आई टी आई के सामने की दुकानें, आनंदा अकादमी के पास, रामनगर में सवालदे पश्चिम, एमबीपीजी कॉलेज के ऑटो स्टैंड आदि। बालिकाओं द्वारा बताया गया की विभिन्न रूट जैसे हल्द्वानी से लालकुआं, रुद्रपुर, भीमताल, नैनीताल आदि जाने वाले ऑटो एवम बस के ड्राइवर और कंडक्टर अक्सर नशे में रहते हैं, महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं, पैसे लेते समय हाथ छूने की कोशिश की जाती है, सुनसान रास्ते जैसे हल्द्वानी से रुद्रपुर जाने वाली रोड में अक्सर ऑटोवाले शीशे में देखकर अश्लील हरकतें करते हैं एवम बालिकाओं को जानबूझकर आगे बैठाते हैं, जिस से की बार बार हाथ लगा सकें। कार्यशाला में बालिकाओं ने कुछ सुझाव भी पेश किए जैसे कोचिंग इंस्टीट्यूट के निरीक्षण, छ्ठ्ठड्ड, चिन्हित जगह पर लगातार पुलिस पेट्रोलिंग, गलियों में स्ट्रीट लाइट, ऑटो चालक एवम ई-रिक्शा चालक का सत्यापन, ऑटो या रिक्शा स्टैंड पर एवम अन्य चिन्हित स्थानों पर गश्त आदि। इस कार्यशाला में चिन्हित स्थानों एवम कारणों के साथ समिति अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदया को प्रेषित करेगी जिससे संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय से तबस्सुम ने हेल्पलाइन नम्बर्स की जानकारी दी एवम पुलिस विभाग से एस आई ज्योति कोरंगा ने उत्तराखंड हेल्पलाइन ऐप के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से यशोदा शाह, संस्थान की शिक्षिकायें, बालिकाएं एवम सुपरवाइजर सुशीला ग्वाल उपस्थित रहे।

# चलत रामु लखि अवध अनाथा। बिकल लोग सब लागे साथा।।

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्राचीन श्री रामलीला मैदान में आज भगवान राम के राज्याभिषेक की घोषणा, दशरथ केकई संवाद, श्री राम वन गमन की लीला का सुंदर मंचन व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा सुंदर चौपाइयां गाकर कराया गया।

पूरी अयोध्या नगरी में भगवान राम के विवाह के पश्चात खुशी का माहौल था और इसी खुशी के मध्य महाराजा दशरथ ने गुरु वशिष्ठ , सुमंत और अपने मंत्रिमंडल से मंत्रणा करके भगवान राम के राज्याभिषेक की इच्छा व्यक्त की। संचालन समिति से आज विवेक कश्यप, मनोज गुप्ता, अतुल अग्रवाल , दिनेश गुप्ता, हितेश पांडे, सौरभ अग्रवाल ,अमित जोशी, अरुण अग्रवाल, तनुज गुप्ता ने अतिथियों का पटका पहना कर स्वागत किया। व्यास मंच पर तरंग अग्रवाल प्रदीप जनौटी ने व्यवस्था संभाली। रामलीला मैदान में कई संस्थाओं ने सहयोग किया जिसमे अनमोल संकल्प की अध्यक्ष सुचित्रा जायसवाल इनरव्हील क्लब, ममता करुणा सहयोग समिति की अध्यक्ष नीरजा बोरा, सखी सहेली ग्रुप सुमन वार्ष्णेय जायसवाल महिला समिति से खुशबू जायसवाल ,सौहार्द जन सेवा समिति की अध्यक्ष विधा महतोलिया मौजूद रहे।



# आजीविका और उद्यम विकास कार्यक्रम उत्पादों में गुणवत्ता लाने की बात कही



नैनीताल

हमारे संवाददाता

चेष्टा संस्था व नाबार्ड की ओर से आजीविका और उद्यम विकास कार्यक्रम में पहुंचे सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने महिलाओं से उनके उत्पादों में गुणवत्ता लाने की बात कही। उन्होंने महिलाओं से कहा कि महिलाएं अपनी आवश्यकता बताएं।

सरकार की ओर से आवश्यकता पर आधारित प्रशिक्षणों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही महिलाओं के रोजगार के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। शुक्रवार को चेष्टा संस्था व नाबार्ड की ओर से आजीविका और उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत 20 दिवसीय प्रशिक्षण में महिलाओं को मोमबत्ती प्रशिक्षण की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं का कार्य देखने पहुंचे सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने महिलाओं के कार्य की प्रशंसा की, साथ ही महिलाओं से उनके कार्य में और ज्यादा निखार लाने की बात कही। कहा कि नैनीताल सजावटी मोमबत्ती के लिए मशहूर है। पर्यटक नैनीताल पहुंचकर सजावटी मोमबत्तियों की मांग जरूर करते हैं इसलिए महिलाओं को उनके कार्य में निखार लाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं से मोमबत्ती के अतिरिक्त अन्य रोजगार परख प्रशिक्षण लेने की भी बात कही। कहा कि महिलाएं उनको बताएं कि वह कौन सा प्रशिक्षण लेना चाहती हैं। कहा कि प्रशासन की ओर से हर प्रकार के प्रशिक्षण लोगों को दिए जाएंगे। चेष्टा संस्था समन्वयक सुमन अधिकारी ने बताया कि उनकी ओर से प्रशिक्षण के बाद क्षेत्र में लगभग 250 महिलाएं अपना रोजगार कर रही हैं। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र को मोमबत्ती हब बनाने के लिए संस्था की ओर से कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए संस्था व महिलाओं को ब्लॉक की ओर से भी पूरा सहयोग दिया जा रहा है। इस दौरान नाबार्ड डीडीएम मुकेश बेलवाल तथा मुकुल टम्टा व अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## पोक्सो का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने जेल भेजा

रुद्रपुर। पुलिस ने पाक्सो का आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आदर्श कॉलोनी चौकी इलाके की रहने वाली 11 वर्षीय नाबालिग किशोरी 27 सितंबर को घर के बाहर खेल रही थी। तभी नजदीक ही दर्जी का कार्य करने वाले भूत बंगला निवासी मोहम्मद आलम ने कपडे की नाप लेने के बहाने बुलाया और अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता के परिजनों के मुताबिक वह चंगुल से छूटने के बाद नाबालिग ने दूसरे दिन घटना की बात अपनी चाची को बताई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपी।

# दावा: प्रयासों के बाद तीमारदारों के लिए लिफ्ट का संचालन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल नगर के वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप साह ने दावा किया है कि उनके अथक प्रयासों और कोशिशों के परिणामस्वरूप जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला चिकित्सालय में मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए लिफ्ट का सफल संचालन शुरू हो पाया है।

साह के मुताबिक वह विगत तीन वर्षों से चिकित्सालय में मरीज व उनके तीमारदारों के लिए लिफ्ट के संचालन हेतु पत्र व्यवहार करते चले आ रहे थे जिस हेतु पूर्व में चिकित्सालय प्रशासन द्वारा असमर्थता ही जतायी जा रही थी लेकिन उनके द्वारा चिकित्सालय प्रबंधन को यह सुझाव दिया गया कि यदि चिकित्सालय में लिफ्ट का संचालन हो जाए तो इससे शहर ही नहीं पूरे जिले की समस्त मरीजों व उनके अटेंडेंटों को सुविधा हो जाएगी।

कहा कि फि जियोथैरेपी विभाग दो मंजिले में है और इस चिकित्सा हेतु अधिकांश वरिष्ठ नागरिक ही आते हैं दूसरा मोतियाबिंद का ऑपरेशन थियेटर भी दूसरी या तीसरी मंजिल में ही है इसके मरीज भी अधिकांश सीनियर सिटीजन ही होते हैं,तीसरा जो महिला विभाग में गर्भवती महिलाओं के लिए डिलीवरी रूम है वह भी महिला चिकित्सालय के प्रथम मंजिल में ही है और उससे भी बढ़कर यह कि उसकी सीढ़ियां ब्रिटिश काल की बनी हुई है वह इतनी तंग हैं कि एक कोने में जिस पिलर पर ये सीढिया घूमती हैं वह एक कोने में एक इंच है और दूसरे कोने में 9 इंच हैं। साह के मुताबिक इन बातों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन शायद देर से जागा और बीडी पांडे चिकित्सालय में लिफ्ट का संचालन प्रारंभ हो गया है। कहा कि जिला अस्पताल के साथ ही जरुरतमंदों को यह एक विशेष तोहफा मिल चुका है।

# साइबर अटैक के बाद ठप पड़ी हैं सरकारी विभागों की वेबसाइट्स

उत्तरांचल दीप

सलीम खान, हल्द्वानी



उत्तराखंड में हुए साइबर अटैक के बाद से विभिन्न सरकारी विभागों की वेबसाइट्स ठप पड़े हैं जिस कारण से ऑनलाइन कामकाज ठप रहा। ऑनलाइन कामकाज नहीं होने के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तराखंड में सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) साइबर हमले से बाहर निकलने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि आज से सभी वेबसाइट्स का ट्रायल रन शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि गुरुवार को उत्तराखंड में बड़ा साइबर हमला हुआ था जिसके बाद उत्तराखंड के 90 सरकारी विभागों की वेबसाइट्स और मोबाइल ठप हो गए। जिससे ऑनलाइन होने वाले सभी सरकारी काम नहीं हो पा रहे हैं जिसकी वजह से लोगों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। रजिस्ट्रार कार्यालय में जमीनों की रजिस्ट्री से संबंधित काम अटके पड़े हैं जिस कारण से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं पुलिस की सीसीटीएनएस सेवा के बंद होने के कारण ऑनलाइन एफआईआर समेत सभी संबंधित कार्य ठप हो गए हैं। नगर निगम दून में जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र और अन्य सेवाएँ भी प्रभावित हुई हैं। अपुणि सरकार प्रणाली न चलने से उपयोगकर्ताओं को कोई सुविधा नहीं मिल पाई, जबकि सीएम हेल्पलाइन के बंद होने से कोई नई शिकायत भी दर्ज नहीं हो सकी। राज्य लोक सेवा आयोग की वेबसाइट बंद होने के कारण भर्तियों की प्रक्रिया भी रुक गई है। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को इलाज की पूर्वानुमति प्राप्त करने में दिक्कतें आई हैं, जिसके चलते यह प्रक्रिया मैन्युअल रूप से करनी पड़ी।